पेज थ्री
देहरादून

देहरादून बुधवार 14 अक्टूबर 2020 पेज 8

# हमारा दून

कृषि मंत्री सीड्स एण्ड तराई डेवलपमेन्ट कॉरपोरेशन की निदेशक मण्डल की समीक्षा करते हुए।



## संक्षिप्त समाचार

### रवि फसल के बीजो के दाम कर दिये गये तयः कृषि मंत्री

**संवाददाता** देहरादून। कृषि मंत्री सुबोध उनियाल ने विधान सभा स्थित सभा कक्ष में उत्तराखण्ड सीड्स एण्ड तराई डेवलपमेन्ट कॉरपोरेशन लि0 की निदेशक मण्डल की समीक्षा बैठक की। कृषि मंत्री ने कहा कि बोर्ड ने रवि फसल के बीजो के दाम तय कर दिये गये है, जिसमें गेंहू, लाई, सरसो, चना, मटर आदि बीजों के दाम तय किये गये। कोराना की परिस्थिति को देखते हुए खरीफ की फसल की तरह रवि के फसलो के बीजों के दाम में किसी भी प्रकार की कोई बढोत्तरी नही की गई है। 30 हजार कुन्तल बीज कृषि विभाग को दिया जायेगा, जो किसानों को उपलब्ध कराने का कार्य करता है।

### नवरात्र के लिए सजने लगे बाजार,अच्छे कारोबार की उम्मीद

**संवाददाता** देहरादून। एक हफ्ते बाद नवरात्र शुरू होने जा रहे हैं। ऐसे में बाजारों में नवरात्र के लिए पूजा का सामान मंगवाने और सजाने की तैयारियां भी शुरू हो चुकी हैं। इस बार मंदिरों में पूजा करने के लिए भक्तों को जाने की मनाही नहीं है। इसलिए दुकानदारों को भी पूजा के सामान से लेकर फूल माला, मूर्ति की अच्छी बिक्री की उम्मीद है। दुकानदारों की मानें तो इस बार भी पूजा सामान के दाम बीते सीजन की तरह ही रहेंगे। सरकार के धार्मिक स्थलों को खोलने की अनुमति के साथ ही पूजा के सामान की बिक्री भी शुरू होने लगी है। इस महीने नवरात्र, विजयदशमी के साथ ही विवाह का सीजन भी है।

### इस बार अष्टमी और नवमी एक दिन, नवें दिन मनेगा दशहरा

**संवाददाता** देहरादून। 17 अक्तूबर से शुरू होने जा रहे शारदीय नवरात्र में इस बार अष्टमी और नवमी तिथि एक ही दिन पड़ रही हैं। ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक, 24 अक्तूबर को सुबह 6:58 बजे तक अष्टमी है और उसके बाद नवमी लग जाएगी। ऐसे में अष्टमी और नवमी पर कन्या पूजन करने वाले भक्त इसी दिन पूजा कर सकते हैं। अष्टमी और नवमी तिथियों की दुर्गापूजा एक ही दिन होगी।

### ब्रांड फैक्टरी में सबसे बड़े फैशन अनलॉक पर बड़ी डील्स का फायदा उठाएं

**संवाददाता** देहरादून। हां, आपने सही सुना है! ब्रांड फैक्टरी में सबसे बड़ा फैशन अनलॉक, अब बड़ी डील्स के साथ और बड़ा हो गया है और आपके शॉपिंग के अनुभव में सरप्राइजेस भी जुड़ गए हैं, यह ऑफर 12 से 25 अक्टूबर, 2020 तक के लिए है। बिल्कुल सही समय पर लाया गया ऑफर, ताकि आप आगे आने वाले त्योहारी सीजन के लिए अपनी फैशन शॉपिंग की योजना बना सकें। खरीदें 2 पाएं 3 ऑफर के साथ अब यह जितना ज्यादा उतना बेहतर ऑफर है।

# उत्तराखण्ड में स्मार्ट स्कूल की नई पहल शुरू हुई हैः सीएम

**निरीक्षण**

■ मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने दून स्मार्ट सिटी के तहत चल रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया

■ दून देश–विदेश से आने वालों और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहा है

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने देहरादून स्मार्ट सिटी के तहत चल रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने परेड ग्राउण्ड एवं राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज राजपुर रोड का निरीक्षण किया। उन्होंने परेड ग्राउण्ड, देहरादून के पुनर्निर्माण स्मार्ट रोड एवं देहरादून में बनाये जा रहे 03 स्मार्ट स्कूलों के कार्य प्रगति की जानकरी ली।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि कोविड काल को छोड़कर देहरादून स्मार्ट सिटी का कार्य तेजी से हुआ है। आगे भी स्मार्ट सिटी के तहत तेजी से कार्य होंगे। जब स्मार्ट सिटी के लिए देहरादून का चयन हुआ था, तब देहरादून 100वें नम्बर पर था, कार्यों की प्रगति में तेजी से देहरादून 13वें नबंर पर आया।



देहरादून हमेशा से ही देश–विदेश से आने वालों और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहा है। स्मार्ट सिटी का कार्य पूर्ण होने से देहरादून की खूबसूरती एवं अन्य सुविधाएं भी बढ़ेगी। स्मार्ट स्कूल की उत्तराखण्ड में नई पहल शुरू हुई है।

देहरादून में बनने वाले तीन स्मार्ट स्कूलों से बच्चों की मानसिकता में सकारात्मक परिवर्तन आयेगा। इन स्कूलों में उच्च गुणवतायुक्त व्यवस्थाएं की गई है। ये तीनों स्कूल एक–दूसरे से इन्टरकनेक्ट भी रहेंगे। मुख्यमंत्री ने स्मार्ट स्कूलों में दिव्यांग बच्चों के लिए रैंप बनाने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर उन्होंने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज राजपुर में दिव्यांग छात्राओं की जानकारी ली। प्रधानाचार्य ने अवगत कराया कि स्कूल में अभी एक दिव्यांग छात्रा है।

स्मार्ट सिटी के सीईओ/जिलाधिकारी देहरादून डॉ. आशीष श्रीवास्तव ने कार्यों की प्रगति की जानकारी देते हुए कहा कि परेड ग्राउण्ड पुनर्निर्माण के तहत सड़क, ड्रेनेज, वर्षा जल संग्रहण टैंक, लैंडस्केपिंग एवं जलापूर्ति के कार्य किये जा रहे हैं। कान्वेन्ट रोड चौड़ीकरण हेतु स्थल विकास करने के बाद 95 मीटर सब बेस तैयार किया जा रहा है। 473 मीटर लम्बाई की आरसीसी की नाली बन चुकी है, शेष कार्य प्रगति पर है। आरसीसी टैंक निर्माण का 75 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है।

### दून के तीन स्कूलों स्मार्ट स्कूल बनाया जा रहा हैः डीएम

सीईओ स्मार्ट सिटी डॉ. आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि देहरादून के तीन स्कूलों स्मार्ट स्कूल बनाया जा रहा है। जिसमें जीजीआईसी राजपुर एवं खुड़बुड़ा में दो स्कूलों शामिल हैं। इन स्मार्ट स्कूलों का कार्य 31 अक्टूबर तक पूर्ण हो जायेगा। इन स्मार्ट स्कूलों में निर्माण एवं आईटी से संबधित कार्य किये गये हैं। इनमें कम्प्यूटर लेब, प्रोजेक्टर, आई. आर. बोर्ड, ग्रीन बोर्ड, सी.सी. टीवी. कैमरे, अग्निशमन यंत्र एवं बायेमैट्रिक पंचिंग उपकरण की व्यवस्था की गई है।

परेड ग्राउण्ड के चारों ओर 150 मिमी से 250 मिमी व्यास की मुख्य पेयजल वितरण लाईन बिछायी जायेगी। 30 अक्टूबर 2021 तक परेड ग्राउण्ड का पुनर्निर्माण कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। स्मार्ट रोड के कार्यों के मल्टी युटीलिटी डक्ट बिछाने का कार्य, सीवर, नाली निर्माण, जलापूर्ति एवं सड़क निर्माण के कार्य किये जायेंगे। डक्ट बिछाने एवं सीवर के कार्य प्रारम्भ हो चुके हैं।

इस अवसर पर मेयर श्री सुनील उनियाल गामा, विधायक श्री खजान दास एवं कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी उपस्थित थे।

# शहर में अतिक्रमण ध्वस्त करने की कार्रवाई शुरू

**अतिक्रमण**

■ टीम ने बन्नू चौक से लोहिया नगर चन्दर नगर की ओर अभियान चलाया


देहरादून। **संवाददाता**

हाईकोर्ट के आदेश के बाद जिला प्रशासन ने मंगलवार से शहर में अतिक्रमण ध्वस्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पहले दिन जोन– 3 में एडीएम सदर राम गोपाल बिनवाल के नेतृत्व में टीम ने बन्नू चौक से लोहिया नगर चन्दर नगर की ओर अभियान चलाया जा रहा है। सुबह 10 बजे से शुरू हुए अभियान में 12 बजे तक नौ अतिक्रमण ध्वस्त किए गए। वहीं, स्थानीय दुकानदार, होटल व्यवसायियों ने अभियान में इकतरफा कार्रवाई न किए जाने पर नाराजगी जताई। उनका कहना था कि बीच में कई अतिक्रमण वाले जगह छोड़ दिए हैं और आगे चलकर अतिक्रमण ध्वस्त किया जा रहा है। इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद देवेंद्र पाल मोंटी के साथ स्थानीय लोग पहुंचे और एकतरफ से कार्रवाई करने को कहा। इस दौरान नायब तहसीलदार जसपाल राणा, सीओ सदर अनुज कुमार व पुलिस टीम भी साथ है।

अभियान का यह तीसरा फेज हाइकोर्ट के आदेश पर पहली दफा जून 2018 में वृहद स्तर पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया था। इसके बाद मशीनरी ढीली पड़ी तो सड़कों पर दोबारा कब्जे होने लगे। कोर्ट ने एक शिकायत का संज्ञान लिया और सितंबर 2019 में प्रशासन की टीम फिर अतिक्रमण तोडने सड़कों और उतरी। दोनों अभियान में नौ हजार से अधिक अतिक्रमण तोडने का दावा किया गया और 1479 चिह्नित किए गए हैं। हालांकि, इस अभियान के समाप्त होते ही सड़कों की स्थिति पहले जैसी नजर आने लगी। अब फिर कोर्ट के ही आदेश पर प्रशासन तीसरी दफा अतिक्रमण हटाने की कवायद करने जा रहा है।

**शाम को लिया जाएगा अपडेट**

अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की रोजाना समीक्षा की जाएगी। प्रत्येक टीम दिनभर की कार्रवाई की जानकारी टास्क फोर्स अध्यक्ष को देगी। इसमें ध्वस्तीकरण, सर्वे, चिह्नीकरण आदि की जानकारी देनी होगी।



### उत्तराखंड की एक राज्यसभा सीट के लिए चुनाव की तारीख का एलान

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड की एक राज्यसभा सीट पर चुनाव के लिए तारीख का एलान कर दिया गया है। भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव कार्यक्रम की अधिसूचना जारी की है। इसके तहत नौ नवंबर को इस सीट पर मतदान होना है। आपको बता दें कि इस सीट पर कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य राज बब्बर का 25 नवंबर को कार्यकाल खत्म हो रहा है। पिछले दो लोकसभा चुनाव में पांचों सीटों पर परचम फहराने और 2017 के विधानसभा चुनाव में 70 में से 57 सीटों पर काबिज होकर इतिहास रचने के बाद भाजपा अगले महीने एक और चुनावी उपलब्धि खाते में जुड़ने का इंतजार कर रही है। यह है राज्यसभा की एक सीट का चुनाव। फिलहाल यह सीट कांग्रेस के पास है, लेकिन अब जिस तरह का गणित राज्य विधानसभा में है, उसमें भाजपा की जीत तय है।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०-**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।